# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, किशनगंज–2

(Email Id – ee.kishanganj2.rwd@gmail.com)

पत्रांक 1153 / किशनगंज, दिनांक 16/06/2021।

प्रेषक : कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल,किशनगंज–2

सेवा में,

संवेदक– सिराजुल रहमान
पता – चूड़ीपट्टी चौक, किशनगंज
मो0– 9973147777
ईमेल– rahman.siraj@gmail.com

**विषय :– पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि के एकरारनामा के अधीन पथों का अनुरक्षण कार्य हेतु निर्गत नोटिस के बावजुद अनुरक्षण कार्य नहीं करने के कारण एकरारनामा विखंडन तथा निबंधन काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा करने के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय के द्वारा निर्गत नोटिस सं0– 1347अनु0 दिनांक 08.12.2020, 911 दिनांक 31.05.2021 एवं अंचल कार्यालय किशनगंज का पत्रांक 441 दिनांक 04.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयाधीन प्रसंग में सूचित करना है कि आपके एकरारनामा के अधीन निम्नलिखित पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि के अधीन है–

| क्र0 | प्रखंड | पथ का नाम | शीर्ष / एकरारनामा संख्या | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिघलबैंक | टेढ़ागाछ से बालूबाड़ी भाया मटियारी पार्ट–बी | MR3054/ 03/MBD/2018-19 | 02.05.2019 |

2. प्रखंड प्रभारी कनीय अभियंता और सहायक अभियंता द्वारा यह प्रतिवेदन किया गया है कि आपके द्वारा उपरांकित पथों का अनुरक्षण कार्य करने में कोई प्रगति नहीं की गयी है।

3. SBD के सुसंगत कंडिका में Defect Liblities Period के अंदर त्रुटियों का मानक अनुसार निराकरण एवं नियमित रख–रखाव आपका बाध्यकारी दायित्व है।

4. सम्यक समीक्षोपरांत यह स्पष्ट होता है कि आपके उदासीनता और अनुरक्षण कार्य में जानबूझ कर लापरवाही बरती जा रही है।

उपर्युक्त परिस्थिति में निर्मित पथ का अनुरक्षण कार्य नहीं करने के कारण आपका एकरारनामा SBD के सुसंगत प्रावधान के अनुसार विखंडित करने का आदेश निर्गत किया जाता है, साथ ही आपके निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा उच्चाधिकारी को समर्पित किया जा रहा है।

तत्काल प्रभाव से आपके जमानत की राशि एवं किसी भी मद का कोई भी भुगतान अगले आदेश तक स्थगित करते हुए कार्य स्थल की अंतिम मापी हेतु 23.06.2021 की तिथि निर्धारित की जाती है।

आपसे अनुरोध है कि अंतिम मापी की तिथि को अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में अंतिम मापि ले ली जायेगी।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, किशनगंज–2

ज्ञापांक 1153 / किशनगंज, दिनांक 16/06/2021।

**प्रतिलिपि** : रोकड़ प्रभारी सह योजना प्रभारी को सूचनार्थ एवं आदेश दिया जाता है कि उक्त संवेदक का जमानत के रूप में जमा राशि को कोषागार किशनगंज में समुचित शीर्ष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रतिलिपि** : प्रखंड प्रभारी कनीय अभियंता/सहायक अभियंता को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को कार्यस्थलवार अंतिम मापी लेकर विभागीय रूप से अनुरक्षण कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार कर शीध्रता–शीध्र समर्पित करें ताकि अनुरक्षण कार्य अधिकाई व्यय हेतु दोषी संवेदक से राशि वसूली हेतु सर्टिफिकेट केश दायर हो सके।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0,का0प्र0,किशनगंज–2

ज्ञापांक 1153 / किशनगंज, दिनांक 16/06/2021।

**प्रतिलिपि** : अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, किशनगंज को सूचनार्थ समर्पित।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0,का0प्र0,किशनगंज–2